भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5177
24.03.2026 को उत्तर के लिए नियत

पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत निधि

5177. **डॉ. शर्मिला सरकार:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) 'पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव)' योजना के अंतर्गत निधि के लगभग 68 प्रतिशत अल्प उपयोग के क्या कारण हैं;
(ख) उक्त योजना के आरंभ होने से लेकर अब तक पीएम ई-ड्राइव के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) उक्त योजना के लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है और उक्त योजना के आरंभ से लेकर अब तक स्थापित किए गए चार्जिंग स्टेशनों की वर्ष-वार वास्तविक संख्या कितनी है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) स्कीम के तहत 01.04.2024 को इसके आरंभ होने से लेकर अब तक आवंटित परिव्यय के मुकाबले उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। यह स्कीम 31.03.2028 तक बढ़ा दी गई है। निधि का कम उपयोग मुख्य रूप से चरणबद्ध तरीके से लागू करने की रणनीति, लक्ष्य पर आधारित भुगतान व्यवस्था और कुछ नए ईवी खंडों के विकसित होने के कारण हुआ है। अब तक इस स्कीम के तहत कोई भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित नहीं किया गया है।

अनुलग्नक-I

क्र. सं.	खंड /घटक	स्कीम परिव्यय (करोड़ रुपये)	वित्त वर्ष 24-25 में स्कीम पर वास्तविक व्यय	वित्त वर्ष 25-26 में व्यय	स्कीम के अंतर्गत 19.03.2026 तक वास्तविक व्यय
(क)	**मांग प्रोत्साहन**				
1	ई-दुपहिया	1,772	667.39	592.52	1,259.91
2	ई=तिपहिया (ई-रिक्शा और ई-कार्ट)	50	2.93	3.77	6.7
3	ई-तिपहिया (एल 5)	857	318.35	412.30	730.65
4	ई-एम्बुलेंस	500	0	0.00	0
5	ई-ट्रक	500	0	0.00	0
(ख)	**पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिए अनुदान**				
6	ई-बस	4,391	0	0.00	0.00
5	ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन	2,000	0	0.00	0.00
4	परीक्षण एजेंसियों का उन्नयन	780	0	0.00	0.00
(ग)	प्रशासनिक व्यय	50	4.36	15.38	19.74
कुल (क)+(ख)+(ग)		**10,900**	**993.04**	**1,023.96**	**2,017.00**

****